## राष्ट्रीय सेवा योजना
## (सत्र 2018-2019)

सत्र् 2018-19 में डॉ0 सीमा गुप्ता एवं श्रीमती अल्पना गुप्ता के निर्देशन में 206 छात्राओं ने पंजीकरण करवाया।

1. 01 अगस्त से 15 अगस्त, 2018 तक महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। सेविकाओं ने रैली निकाली।
2. 11 अगस्त, 2018 को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वयं सेविकाओं ने रैली निकाली।
3. 18 अगस्त, 2018 को एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में फलदार, फूलदार और औषधीय पौधे लगाए तथा सभी पुराने पौधों व गमलों को पानी दिया।
4. 05 सितम्बर, 2018 को डॉ0 सीमा गुप्ता एवं श्रीमती अल्पना गुप्ता ने जी.जे.यू., हिसार में आयोजित एक दिवसीय PFMS ट्रेनिंग में भाग लिया।
5. 24 नवम्बर, 2018 को गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार में आयोजित State Level N.S.S Award Function में स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया।
6. 22 अक्टूबर, 2018 को रैड क्रॉस द्वारा सी.आर.एम. जाट कॉलेज, हिसार में 'Drug Abuse' विषय पर आयोजित जिला स्तरीय सेमिनार में स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया।
7. 07 से 13 जनवरी, 2019 तक महाविद्यालय में सात दिवसीय कैंप लगाया गया। कैंप के दौरान छात्राओं ने सात दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा और होम नर्सिंग की ट्रेनिंग व सिविल डिफेंस हिसार द्वारा सिविल डिफेंस और प्राकृतिक आपदाओं की ट्रेनिंग ली।

* 10 जनवरी, 2019 को छात्राओं ने योगा प्रशिक्षण प्राप्त किया।
* 12 जनवरी, 2019 को स्वच्छ भारत मिशन हिसार द्वारा आयोजित स्वच्छता रैली में 100 छात्राओं ने भाग लिया।

8. 25 जनवरी, 2019 राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 150 स्वयं सेविकाओं ने शपथ ग्रहण की।
9. 19 फरवरी, 2019 को स्वंय सेविकाओं ने गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा आयोजित 'Drug Free India Movement' में भाग लिया। श्री श्री रविशंकर जी के उद्‌गार सुने।
10. 08 मार्च, 2019 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जी.जे.यू., हिसार द्वारा आयोजित 'वीरांगनाएं' कार्यक्रम में 45 छात्राओं ने भाग लिया।
11. 10 से 12 मार्च, 2019 तक पल्स पोलियो अभियान में स्वयं सेविकाओं ने

बढ़–चढ़ कर भाग लिया।

12. 22 से 28 मार्च, 2019 तक जी.जे.यू., हिसार में आयोजित राज्य स्तरीय एन.एस. एस. कैंप में बी.एससी. तृतीय वर्ष की छात्रा मनीषा ने भाग लिया।

13. 27 मार्च, 2019 को महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S.)

## सत्र 2019-2020

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के अन्तर्गत सत्र 2019-20 में डॉ0 सीमा गुप्ता व श्री मती अल्पना गुप्ता के निर्देशन में 220 छात्राओं ने पंजीकरण करवाया।

* 10 जून से 31 जुलाई, 2019 तक "Swachh Bharat Summer Intership 2.0" के अन्तर्गत 30 छात्राओं ने पंजीकरण करवाया। इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ठोस अपशिष्ट् पदार्थों के प्रबंधन विषयों पर जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, व्याख्यान और सफाई जैसी गतिविधियां करते हुए 50 घंटे स्वच्छता को समर्पित किए।
* 22 जुलाई, 2019 को जल संरक्षण पर केन्द्रित कार्यक्रम 'जल शक्ति अभियान' के अन्तर्गत डॉ0 सीमा गुप्ता ने महाविद्यालय की सभी छात्राओं को जल बचाने, वर्षा जल संचयन और जल संसाधनों को प्रदूषित न करने की शपथ दिलवाई।
* 26 जुलाई, 2019 को गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार में आयोजित कार्यक्रम 'कारगिल विजय दिवस' में एन.एस.एस. प्रभारी डॉ0 सीमा गुप्ता और श्री मती अल्पना गुप्ता के साथ 100 छात्राओं ने भाग लिया।
* 27 जुलाई, 2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं Eco Club के संयुक्त तत्त्वाधान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं ने महाविद्यालय प्रांगण तथा ब्रह्म महाविद्यालय के प्रांगण में औषधीय, फलदार व छायादार पौधे लगाए। प्राचार्या डॉ0 अनिता सहरावत ने 'पौधों के महत्त्व' विषय पर अपने विचार अभिव्यक्त किए।
* 01 से 15 अगस्त, 2019 तक महाविद्यालय में 'स्वच्छता पखवाड़ा' का आयोजन किया गया। 01 अगस्त को 'स्वच्छता की महत्ता' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया जिसमें छात्राओं ने अपने आस-पास को स्वच्छ रखने व प्रत्येक वर्ष 100 घंटे स्वच्छता के लिए देने की शपथ ली। 02 से 05 अगस्त तक महाविद्यालय परिसर की सफाई करवाई गई। 08 अगस्त, 2019 को स्वयं सेविकाओं ने ऋषि नगर में जाकर सफाई की तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। 13 अगस्त को स्वयं सेविकाओं न रैली निकाली तथा महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। 15 अगस्त को प्राचार्या ने छात्राओं के इस मुहिम में निरन्तर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।
* 01 अगस्त, 2019 को जल संचय विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताएं जैस Slogan, Writing, Painting, Poster Making and Essay Writing का आयोजन किया गया।

* 06 अगस्त, 2019 को गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार में आयोजित कार्यक्रम ‘जल शक्ति अभियान’ में 15 स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया।
* 08 अगस्त, 2019 को महाविद्यालय में 'National deworming day' मनाया गया जिसके अन्तर्गत 19 वर्ष तक की आयु वाली छात्राओं को Albendazole नामक दवाई दी गई।
* 29 अगस्त, 2019 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'Fit India Movement' का प्रमोशन किया। महाविद्यालय के सभागार में इस कार्यक्रम का Live Telecast छात्राओं को दिखाया गया। इसके पश्चात छात्राओं को Fitness की शपथ दिलवाई गई। डॉ0 मीनाक्षी महाजन ने ‘स्वस्थ शरीर के लिए उचित भोजन’ विषय पर व्याख्यान दिया। अंत में योगा विभाग की श्रीमती अंजली और श्रीमती रानो ने छात्राओं को योगा का अभ्यास करवाया।
* पोषण अभियान के अन्तर्गत 01 से 30 सितम्बर तक पोषण मास को आयोजन किया गया। इसमें स्वयं सेविकाओं ने Nutrition, Eating disorders, Impact of fast food आदि विषयों पर Door to door campaign, Class rooms lectures, Group discussion, Awarness relly and Poster making जैसी गतिविधियों में बढ़–चढ़ कर भाग लिया।
* 11 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2019 तक ‘स्वच्छता ही सेवा’ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वयं सेविकाओं को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरुक किया गया। प्लास्टिक की थैलियों के स्थान पर कपड़े के थैले का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। छात्राओं ने प्लास्टिक के दुष्प्रभाव विषय पर कविता और नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की और लोगों प्लास्टिक के कम से कम प्रयोग के लिए जागरुक करने के लिए रैली का आयोजन किया।
* 26 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2019 महात्मा गाँधी जी की 150वें जयंती के उपलक्ष्य में 'Nai Talim Week' के अंतर्गत श्रम की गरिमा और 'Work based learn' के महत्त्व को बताने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ करवाई गई। स्वयं सेविकाओं में NSS प्रभारी श्रीमती अल्पना गुप्ता के नेतृत्व में खेत का दौरा किया और क्यारी बनाना, खाद का उपयोग व अन्य कृषि सम्बन्धित जानकारियाँ प्राप्त की। छात्राओं ने पौधारोपण और उन्हें जल संरक्षण के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया गया। डॉ0 सीमा गुप्ता के नेतृत्व में छात्राओं ने लघु उद्योग को समझने के लिए टोकरी बनाने और थैले बनाने का प्रशिक्षण लिया।
* 02 अक्टूबर, 2019 को 'Fit India Movement' के अंतर्गत Plogging की क्रिया को क्रियान्वित किया गया। इस क्रिया के अंतर्गत Jogging करते हुए अपने आस–पास, सड़कों, फुटपाथों इत्यादि पर पड़े कूड़ा–कचरा, पॉलोथीन इत्यादि

उठाकर कूड़ेदान में डाले गए।

* 02 अक्टूबर, 2019 को नगर निगम, हिसार द्वारा 'स्वच्छ भारत मिशन' और 'स्वच्छता' ही सेवा' कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा जल संरक्षण के लिए किए गए विभिन्न प्रयासों के लिए महाविद्यालय की NSS प्रभारी डॉ0 सीमा गुप्ता और श्रीमती अल्पना गुप्ता को प्रशस्ति पत्र और चिह्न दे कर सम्मानित किया।
* 19 अक्टूबर, 2019 को 'प्लास्टिक के दुष्प्रभाव' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्राचार्या डॉ0 अमिता सहरावत ने किया और उन्होंने छात्राओं को प्लास्टिक के कम से कम प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए और महाविद्यालय परिसर की सफाई की। मुख्य वक्ता के रूप में डी.एन. कॉलेज से डॉ0 सुमिता लेगा ने स्वयं सेविकाओं को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर व्याख्यान दिया तथा छात्राओं को पॉलोथीन की जगह कपड़े की थैलियाँ प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।
* 31 अक्टूबर, 2019 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' मनाया गया। श्रीमती अल्पना गुप्ता ने छात्राओं को राष्ट्रीय एकता के लिए अग्रसर रहने के लिए शपथ दिलवाई। स्वयं सेविकाओं ने 'Run for unity' में भाग लिया। राष्ट्रीय एकता दिवस पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
* 19 से 25 नवम्बर, 2019 तक राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सद्भाव अभियान के दौरान स्वयं सेविकाओं ने दंगों के शिकार बच्चों के पुनर्वास हेतु एकत्रित किए।
* 25 नवम्बर, 2019 को झण्डा दिवस मनाया गया।

  08 से 14 जनवरी, 2020 को एन.एस.एस. का सात दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत छात्राओं को 'First Aid, Home Nurshing और कराटे की सात दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।
* 19 से 21 जनवरी, 2020 तक 30 छात्राओं ने पल्स पोलियो में भाग लिया।

  10 फरवरी, 2020 को National Deworming Day पर छात्राओं को Albendazole दवाई दी गई।
* 19 से 29 फरवरी, 2020 तक श्रम दिवस मनाया।
* 22 फरवरी, 2020 को एक दिवसीय एन.एस.एस. कैम्प लगाया गया।
* 02 से 05 मार्च, 2020 तक स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय के खेलकूद समारोह के लिए मार्च पास्ट की तैयारी की।

  06 मार्च, 2020 को छात्राओं ने खेलकूद समारोह में विभिन्न गतिविधियों में सहयोग दिया।

## एन.एस.एस.
## (सत्र 2020-21)

सत्र् 2020-21 में डॉ0 सीमा गुप्ता और श्रीमती अल्पना गुप्ता के निर्देशन में 212 छात्राओं ने पंजीकरण करवाया।

1. 06 जुलाई, 2020 को महाविद्यालया में 'Drug & HIV-AIDS (Awarness & Prevention' विषय पर आनलाइन राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें सिविल अस्पताल हिसार की डॉ0 शालू ढांडा मुख्य वक्ता रहे।
2. 08 जुलाई, 2020 को स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बी.कॉम. प्रथम वर्ष की कुसुम सैनी प्रथम तथा बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष की रक्षिता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
3. 09 जुलाई, 2020 को कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की आकांक्षा वर्मा, बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष की कंचन ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
4. 10 जुलाई, 2020 को HIV AIDS, HUMAN TRAFFIKING और DRUG ABUSE विषय पर POSTER MAKING प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें पूजा जांगड़ा प्रथम बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष की नमनदीप कौर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
5. जुलाई, 2020 से अगस्त, 2020 में लॉकडाउन के समय, स्वयं सेविकाओं ने विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में भाग लिया। जैसे मास्क बनाना और उनका वितरण, जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री वितरण करना, पशु-पक्षियों की सुरक्षा व देखभाल के लिए BIRD FEEDER बनाए तथा उनके लिए खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाई।
6. 25 जनवरी, 2021 को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 208 स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया।
7. 31 जनवरी, 2021 को महाविद्यालय की 40 स्वयं सेविकाओं ने सिविल अस्पताल द्वारा आयोजित 'पल्स पोलियो' अभियान में भाग लिया।
8. 09 फरवरी, 2021 को RTA, हिसार के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा मास के अन्तर्गत, 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' विषय पर रंगोली स्लोगन, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ0 सुनील कुमार, IFS Secretary RTA, हिसार ने 'Need of Road Safety' विषय पर व्याख्यान दिया। स्वयं सेविकाओं ने नुक्कड़ नाटक व कविताओं द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों से अवगत करवाया।
9. 21 फरवरी, 2021 को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत RTA, हिसार द्वारा आयोजित मैराथन में 34 स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया।

10. 8 से 14 मार्च, 2021 तक सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया जिसमें 100 स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया।

11. 6 अप्रैल, 2021 के स्वयं सेविकाओं ने लॉकडाउन के दौरान फोन द्वारा अपने परिवार व मित्रगणों को कोविड टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित किया।

12. 13 अप्रैल, 2021 को स्वयं सेविकाओं ने पोस्टर बना कर लोगों को टीकाकरण का महत्त्व समझाया।

13. 05 जून, 2021 को विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वयं सेविकाओं व महाविद्यालय परिवार के शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग ने अपने घर व आस-पास पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण में सभी की भूमिका पर ध्यान आकर्षिक करवाया।

**राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S.)**

**(सत्र 2021-2022)**

सत्र 2021-22 में NSS का कार्य डॉ0 पल्लवी आर्या और श्रीमती अल्पना के निर्देशन में हुआ।

1. दिनांक 07/09/2021 को NSS Volunteers ने महाविद्यालय प्रांगण में ''पोषण अभियान माह'' के अन्तर्गत पौधारोपण किया। इस गतिविधि में N.S.S. PO Dr. Pallavi Arya एवं Mrs. Alpna Gupta के मार्गदर्शन में अशोक, नीम, एलोवेरा आदि के पौधे लगाए गए एवं छात्राओं को पौधारोपण के महत्त्व के बारे में भी जागरूक किया गया।
2. दिनांक 10 सितम्बर, 2021 को महाविद्यालय की N.S.S. Unit ने ''पोषण माह'' दूसरा सप्ताह गतिविधि के अन्तर्गत छात्राओं के लिए व्याख्यान का आयोजन किया गया। श्रीमती अन्जू (योग प्राध्यापिका) ने एन.एस.एस. छात्राओं एवं कॉलेज की अन्य छात्राओं को ''ईट हेल्दी, लीव हेल्दी'' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने वक्तव्य में 'छात्राओं को उचित पोषण युक्त आहार एवं योग, प्राणायाम आदि के महत्त्व के बारे में भी अनेक महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ दी।
3. दिनांक 24/09/2021 को सरस्वती महिला महाविद्यालय, पलवल की एन.एस.एस. यूनिट द्वारा नेशनल लेवल ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय ''इम्पॉरटेन्स ऑफ एन.एस.एस. इन नेशन बिल्डिंग'' रखा गया। महाविद्यालय की बी.कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा श्रुति गोयल ने प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया।
4. दिनांक 29/10/2021 को गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार में नेशनल इन्टीग्रेशन डे मनाया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 6 N.S.S. Volunteer ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। साहिबा B.Sc. IIIrd year (8402) ने भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया।
5. दिनांक 19/10/2021 से 25/10/2021 तक चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी, जींद में बी.एससी. तृतीय वर्ष की छात्रा साहिबा ने आयोजित 7 दिवसीय स्टेट लेवल कैंप में हिस्सा लिया।
6. दिनांक 13/11/2021 को ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने रंगोली बनाओ, स्लोगन लेखन, पोस्टर, भाषण, गीत, कविता पाठ जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने हुनर को दिखाया। प्रतियोगिता में 80 छात्राओं ने कोविड नियमों का पालन करते हुए भाग लिया। प्रतियोगिताओं में इंडिया के डिजिटीलीकरण को रंगोली के माध्यम से दिखाया तो किसी ने आजादी पाने के लिए महापुरुषों की कुर्बानी पर पोस्टर बनाकर यूथ को जागरुक किया।

7. दिनांक 18/11/2021 से 24/11/2021 तक कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, कुरुक्षेत्र में होने वाले नेशनल इंटीग्रेशन कैम्प में B.Sc.III year (Med.) की छात्रा साहिबा ने हिस्सा लिया।
8. दिनांक 17 से 23 नवम्बर, 2021 तक गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार में स्टेट लेवल कैंप का आयोजन किया गया। ममता, मन्जू, अनु, मन्जु एवं करिश्मा ने भाग लिया। कैंप के दौरान करिश्मा को 4x100 mtr. relay race में द्वितीय स्थान मिला एवं मन्जू ने Long Jump में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
9. दिनांक 01/12/2021 को सिविल हास्पिटल, हिसार से डॉ0 रत्ना भारती एवं डॉ0 तरुण डिप्टी सिविल सर्जन ने छात्राओं को सम्बोधित किया। अपने उद्बोधन में डॉ0 रत्ना भारती ने छात्राओं को मास्क लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग फॉलो करने एवं वैक्सिन की दोनों डोज लगवाने हेतु प्रेरित किया।
10. दिनांक 3/12/2021 को एन.एस.एस. ईकाइयों द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 180 छात्राओं ने भाग लिया। शिविर के दौरान भाषण, कविता पाठ, देशभक्ति गीत एवं नृत्य आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। योग विभाग से श्रीमती संतोष एवं सुश्री शारदा ने छात्राओं को योग एवं प्राणायाम के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस कैंप के अन्तर्गत छात्राओं ने कॉलेज कैंपस की सफाई भी की। तिरंगा रैली एवं देशभक्ति के नारों के साथ इस एक दिवसीय कैंप का समापन हुआ।
11. दिनांक 17/11/2021 से 23/11/2021 तक गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार में कैंप का आयोजन हुआ। महाविद्यालय की ............ वर्ष की छात्रा ने इस कैंप में हिस्सा लिया।
12. दिनांक 7 जनवरी, 2022 को वैगन आऊटरीच संस्था के साथ मिलकर साईस विभाग एवं एन.एस.एस. ईकाइयों द्वारा एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार में वक्ता अभिषेक दुबे ने भोजन एवं स्वास्थ्य संबंधी बहुत महत्वपूर्ण जानकारियाँ छात्राओं से सांझा की। लगभग 300 छात्राएँ एवं स्टॉफ मेम्बर्स इस वेबिनार से लाभान्वित हुए।
13. दिनांक 8 मार्च, 2022 को एन.एस.एस. ईकाइयों ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में स्लोगन राईटिंग, पोस्टर मेकिंग एवं निबन्ध लेखन आदि गतिविधियों में हिस्सा लिया। इस अवसर पर एन.एस.एस. P.O. डॉ0 पल्लवी आर्या एवं श्रीमती अल्पना गुप्ता ने महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित विषय पर छात्राओं के साथ अपने विचार सांझा किए।
14. दिनांक 9 मार्च, 2022 को H.A.U. के Indra Gandhi Auditorium में State Level N.S.S. Award का आयोजन किया गया जिसमें हमारे कॉलेज की 50 छात्राओं ने अपने PO's के साथ हिस्सा लिया।

15. दिनांक 25/03/2022 को G.J.U., Hisar में ''एजुकेशन ऑपरच्युनिटिस अवार्ड'' पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज की 40 N.S.S. Volunteers ने N.S.S. PO's के साथ हिस्सा लिया।

16. दिनांक 03 से 09 अप्रैल, 2022 तक कॉलेज में 7 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ 3 अप्रैल, 2022 को हुआ। प्रथम दिन छात्राओं को आने वाले हफ्ते में होने वाली गतिविधियों और प्रतियोगिताओं की जानकारी दी गई। दूसरे दिन Prof. Devender Dahiya D.S.W. H.A.U., Hisar ने प्राचार्या डॉ0 अनिता सहरावत के संरक्षण में दीप प्रज्जवलन किया। डॉ0 संजना कौशिक Dietician ने स्वास्थ्य एवं आहार संबंधी जानकारी दी। 05/04/2022 को Red Cross, Hisar की तरफ से छात्राओं को First Aid Training दी गई। जिसमें Heart Attack, जलने या चोट लगने, सिलेण्डर में आग लगने जैसी आपात स्थिति से निपटने की ट्रेनिंग दी गई। श्री पंकज चौधरी ने छात्राओं को Career गाइडेंस काऊंसलिंग दी। इसी श्रृंखला में श्री रजनीश ने पर्सनेलिटी डेवलपमेंट, इन्टरव्यू आदि की तैयारी किस प्रकार करें। इस विषय पर चर्चा की। पांचवे दिन Ministry of Rural Development की ओर से चलाई जा रही ''कौशल विकास योजना सर्बधित जानकारी दी। श्री कुलदीप श्योकन्द, सुश्री चंचल, सुश्री नेहा ने विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकादी दी।

इस कैंप में श्रीमति नीतू ने छात्राओं को "Art and Craft Training" भी दी जिमसें टाई एण्ड डाई, पॉट मेकिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, मंडाला आर्ट आदि की ट्रेनिंग दी। छठे दिन मेकअप आर्टिस्ट हार्दिका और उनकी टीम ने छात्राओं को ब्यूटी एवं स्कीन केयर के सबंधित जानकारी दी। इन सभी गतिविधियों के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं को आयोजन किया गया। स्लोगन राईटिंग, पोस्टर मेकिंग, कविता पाठ, स्कीट एवं डांस कम्पीटीशन का आयोजन किया गया।

17. दिनांक 27/04/2022 को N.S.S., N.C.C., Red Cross, Red Ribbon एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में फ्री डेंटल चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। दंत कांति, हिसार से डॉ0 दीपिका एवं डॉ0 विपूल ने लगभग 150 छात्राओं का डेंटल चैकअप किया।

18. दिनांक 18/04/2022 को ईशा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में ''मृदा संरक्षण'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

19. दिनांक 07/05/2022 को Red Corss, N.S.S., N.C.C., Red Ribbon, Women Cell सभी ने मिलकर महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कैंप में 85 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S.)
**(सत्र 2022-2023)**

सत्र 2022-23 में NSS का कार्य डॉ0 पल्लवी आर्या और श्रीमती अल्पना के निर्देशन में हुआ।

1. दिनांक 8 अगस्त, 2022 को एन.एस.एस. ईकाइ एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वाधान में ''आजादी का अमृतमहोत्सव' के आइकोनिक सप्ताह के अन्तर्गत महाविद्यालय प्रांगण में प्रबन्धकत्री समिति के सदस्य, प्राचार्या डॉ0 अनिता सहरावत, शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग एवं एन.एस.एस. स्वयं सेविकाओं ने विभिन्न प्रकार के फल, फूल एवं छायादार पौधों का रोपण किया। इस पौधारोपण गतिविधि में पूरे महाविद्यालय परिसर में लगभग 50 पौधे लगाए गए एवं सभी ने अपनी वसुंधरा को हरा-भरा रखने का संकल्प लिया।
2. दिनांक 10 अगस्त, 2022 को एन.एस.एस. ईकाइयों ने ''हर-घर तिरंगा'' अभियान के तहत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ0 अनिता सहरावत ने तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रबन्धकत्री समिति के प्रधान श्री रामकुमार रावलवासिया, प्रीतिपाल सर्राफ, जैनेन्द्र कुमार जैन समस्त शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग मौजूद रहे। छात्राओं ने रैली के दौरान पूरे जोश के साथ देशभक्ति के नारे लगाए एवं घर-घर लोगों को अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया।
3. दिनांक 12 अगस्त, 2022 को ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के आइकोनिक सप्ताह के अन्तर्गत ''स्लोगन राइटिंग'' का आयोजन किया। छात्राओं ने देश के प्रति अपनी भावनाओं को एवं अमर शहीदों के बलिदान की गाथा को स्लोगन के माध्यम से अभिव्यक्त किया।
4. दिनांक 13 अगस्त, 2022 को ''पोस्टर मेकिंग'' गतिविधि का आयोजन किया गया। 8 से 14 अगस्त तक मनाए जाने वाले आइकोनिक सप्ताह के अन्तर्गत इस गतिविधि का आयोजन किया गया।
5. दिनांक 19/10/2022 से 31/10/2022 तक एन.एस.एस. Volunteers ने ''मेगा स्वच्छता अभियान'' के तहत हिसार के विभिन्न क्षेत्रों एवं आस-पास के दस गाँवों में सफाई अभियान चलाया। इस मुहिम में 140 छात्राओं की दस टुकड़ियों ने सातरोड़ कलां, पटेल नगर, अग्रोहा, डाबड़ा, रावतखेड़ा आदि विभिन्न स्थानों पर सफाई अभियान चलाया एवं 135 किलो प्लास्टिक वेस्ट और कूड़ा एकत्रित किया गया एवं उसका निपटान किया गया।
6. दिनांक 31/10/2022 को सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में ''नेशनल यूनिट डे'' ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर N.S.S., N.C.C. एवं महिला प्रकोष्ठ के सयुंक्त तत्वाधान में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

7. दिनांक 7 नवम्बर, 2022 से 17 नवम्बर, 2022 तक एफ.सी. कॉलेज में दस दिवसीय ''आत्मरक्षा शिविर'' का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय सेल्फ डिफेंस कोच रोहतास कुमार ने 150 छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाएं। कैंप के दौरान कोच रोहतास कुमार ने सेल्फ डिफेंस के बहुत से सरल उपाय सिखाएं। शिविर के माध्यम से छात्राओं मे आत्मविश्वास का संचार हुआ एवं भविष्य में आने वाली किसी भी प्रकार की मुसीबत का सामना करने के लिए छात्राएं सक्षम हो पाएगी।

8. दिनांक 1 नवम्बर से 7 नवम्बर, 2022 तक वृंदावन में Indian Red Cross Society, Haryana State Branch द्वारा आयोजित स्टेट लेवल यूथ रेड क्रॉस ट्रेनिंक कैंप में 5 छात्राओं की टीम ने हिस्सा लिया। बी.ए. तृतीय वर्ष की N.S.S. Volunteers सिमरन 728 एवं अंजू 1108 ने हिस्सा लिया। टीम को एकल गायन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

9. दिनांक 23/11/2022 से 29/11/2022 तक चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी, भिवानी के द्वारा B.R.C.M. Institute Behal नेशनल इंटीग्रेशन कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैंप में N.S.S. Volunteer Bharti Sharma, B.Com.III, Roll no. 2403 ने हिस्सा लिया एवं स्लोगन राइटिंग में द्वितीय स्थान हासिल किया।

10. दिनांक 5/12/2022 को अग्रोहा मैडिकल कॉलेज एवं H.D.F.C. Bank, हिसार के संयुक्त तत्वाधान में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 65 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया।

11. दिनांक 5/12/2022 को एन.एस.एस. ईकाइयों द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कविता पाठ, भाषण एवं गीत के माध्यम से छात्राओं ने अपने विचार सांझा किए। इस कैंप के दौरान ही N.S.S. एवं रेड क्रॉस ईकाइ ने मिलकर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें N.S.S. की 15 छात्राओं ने रक्तदान किया।

12. 30 जनवरी से 5 फरवरी, 2023 तक गुरू जम्भेश्वर युनिवर्सिटी, हिसार में विश्वविद्यालय स्तर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की 15 स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया।

13. 26 फरवरी से 4 मार्च, 2023 तक सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 100 छात्राओं ने भाग लिया। शिविर के दौरान सिविल हस्पताल से डॉ0 शालू ढांडा ने "Mental Health" विषय पर व्याख्यान दिया। रैड क्रॉस सोसाइटी, हिसार से श्रीमती विनोद कुमारी ने प्राथमिक चिकित्सा की ट्रेनिंग दी। श्रीमती मीतू ने छात्राओं को आर्ट एवं क्राफ्ट की ट्रेनिंग दी जिसमें मंडाला आर्ट, बॉटल आर्ट, टाई एंड डाई, पॉट मेकिंग आदि अनेक वस्तुएँ बनानी सिखाई। छात्राओं ने "Cloth Collection and Distribution Drive" के अन्तर्गत पुराने वस्त्र एकत्रित किए एवं गरीब बस्तियों में जाकर उन्हें वितरित किया। शिविर के दौरान स्लोगन राइटिंग,

कविता पाठ, भाषण, गीत एवं नृत्य आदि प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गई। शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रोफेसर साहेब साखेसाज, ब्रिटिश कोलम्बिया यूनिवर्सिटी एवं विशिष्ट प्रोफेसर एस. के. सहरावत, एच.ए.यू., हिसार ने छात्राओं को अपने वक्तव्य द्वारा प्रोत्साहित किया। बी.कॉम. तृतीय वर्ष की भारती एवं बी.ए. तृतीय वर्ष की सिमरन सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका रही। शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

14. 24/02/2023 से 04/03/2023 तक 10 दिवसीय योगा कक्षा का आयोजन किया गया।
15. 17 मार्च, 2023 को डी.एन. कॉलेज, हिसार में राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में बी.कॉम. द्वितीय की भारती, बी.कॉम तृतीय वर्ष की भारती एवं बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की स्वीटी ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।
16. स्लोगन राइटिंग गतिविधि का आयोजन 17/01/2023 को ''रोड सेफ्टी'' पर किया गया।